RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 39 | नागौर, 2 जनवरी, 2022 (रविवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## जम्मू-कश्मीर के वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ से 12 की मौत, 14 घायल

### 3 की हालत गंभीर; मृतकों में यूपी, पंजाब और हरियाणा के श्रद्धालु

श्रीनगर.

नए साल की शुरुआत एक दुखद हादसे से हुई है। जम्मू-कश्मीर में कटरा स्थित वैष्णो देवी मंदिर में देर रात करीब 2:45 बजे भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई। 14 लोख जख्मी हुए हैं। इनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को कटरा के नारायना अस्पताल में भर्ती किया गया है।

#### सरकार ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। हेल्पलाइन नंबर- 01991-234804, 01991-234804; पीसीआर रियासी- 9622856295, डीसी दफ्तर रियासी केंट्रोल रूम नंबर- 01991-245763, 9419839557 पर कॉल करके मृतकों और घायलों के बारे में जानकारी ली जा सकती है।

#### श्रद्धालुओं के बीच विवाद हुआ था : डीजीपी

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि शुरुआती खबरों के अनुसार, श्रद्धालुओं के बीच किसी बात पर विवाद हो गया था। उनमें धक्का-मुक्की हो गई इससे भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। एक श्रद्धालु ने बताया कि भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे। निकलने के लिए कोई रास्ता ही नहीं था।

#### मुआवजे का ऐलान

भगदड़ में जान गंवाने वाले क्व पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर से हैं। हादसे के बाद भी यात्रा जारी है। उधर, केंद्र सरकार ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मृतकों के परिजन को 10-10 लाख रुपए और घायलों को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

#### पीएम मोदी हालात पर नजर बनाए हुए हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट करके कहा, माता वैष्णो देवी भवन में मची भगदड़ में लोगों की मौत से अत्यंत दुखी हूं। शोक में डूबे परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री ने उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय से हादसे को लेकर बातचीत की है और हालात पर नजर बनाए हुए हैं।



## प्रदेश में कड़ाके की ठंड

### शीतलहर, शेखावाटी के जिलों में अलर्ट

जयपुर.

राजस्थान के उत्तरी हिस्से में शीतलहर का कहर जारी है। मौसम विभाग ने गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं बेल्ट के लिए आज यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, प्रदेश में न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव रहा, लेकिन सर्दी से कोई खास राहत नहीं मिली। जैसलमेर, जोधपुर, चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़ में जहां तापमान में गिरावट हुई। वहीं, बूंदी, अलवर, भीलवाड़ा, धौलपुर, करौली समेत अन्य दूसरे जिलों में तापमान में 1 से लेकर 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश में 4 जनवरी से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं।

राज्य में मौसम की स्थिति देखें तो आज भी जैसलमेर, जोधपुर, पाली, अजमेर, नागौर, टोंक, कोटा क्षेत्र में आसमान में हल्की धुंध छाई रही। सूरज के तेवर भी नरम दिखे। हालांकि जयपुर में आज मौसम साफ रहा और धूप खिली। जयपुर में कल शाम मौसम पूरी तरह बदल गया था और आसमान में बादल छाने के साथ ठंडी हवा चलने लगी। सर्द हवाओं का कहर शेखावाटी बेल्ट, अलवर, दौसा क्षेत्र में भी रहा।

जयपुर मौसम केन्द्र से मिली रिपोर्ट देखे तो आज सबसे कम तापमान फतेहपुर में 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, करौली, अलवर, हनुमानगढ़, नागौर, चूरू, सीकर और झुंझुनूं में आज भी न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे रहा। कोटा, उदयपुर, बाड़मेर, टोंक, डूंगरपुर और जालौर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। दिन के अधिकतम तापमान की बात करें तो अधिकांश शहरों में 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच है। सबसे ज्यादा तापमान कल टोंक में 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

#### 6 से हो सकती है बारिश

राजस्थान में सर्दी के कहर से 4 जनवरी बाद थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम केन्द्र जयपुर ने 4 जनवरी से मिनीमम टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी होने और कई शहरों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने का अनुमान जताया है। इसके पीछे कारण राजस्थान में 5 जनवरी से एक्टिव होने वाले एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) माना है। इस विक्षोभ के असर से राजस्थान के कई इलाकों में 6 जनवरी से मावठ हो सकती है। मावठ का ये दौर 8 जनवरी तक बरकरार रह सकता है। इसके बाद प्रदेश में एक बार फिर मौसम साफ होगा और तापमान में गिरावट होगी।

## अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद पाक में हुए सबसे अधिक आतंकी हमले, रिपोर्ट में दावा

इस्लामाबाद.

दुनियाभर में आतंक का पनाहगार पाकिस्तान खुद ही आतंकी हमलों से त्रस्त है। एक ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता शुरू होने के साथ ही पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में यकायक वृद्धि हुई है। रिपोर्ट कहती है कि अगस्त 2021 में पाकिस्तान में सबसे ज्यादा आतंकी हमले हुए। ये वही वक्त है जब अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता शुरू हुई। पाकिस्तान में प्रति माह आतंकवादी हमलों की औसत संख्या 2020 के 16 से बढ़कर 2021 में 25 हो गई, जो 2017 के बाद सबसे अधिक थी।

पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडी द्वारा किए गए ताजा शोध में कहा गया है कि 2021 में पाकिस्तान में सर्वाधिक आतंकी हमले हुए। महीनेवार देखा जाए तो अगस्त माह में अकेले 45 आतंकी हमले अंजाम दिए हैं।

वहीं, पाकिस्तान के प्रतिष्ठित डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 10 नवंबर से 10 दिसंबर तक एक महीने के संघर्ष विराम के बावजूद आतंकवादी हमलों की कुल संख्या में कमी नहीं आई है। उधर, पाकिस्तान प्रकाशन ने कहा है कि पाकिस्तान में प्रति माह आतंकवादी हमलों की औसत संख्या 2020 में 16 से बढ़कर 2021 में 25 हो गई, जो 2017 के बाद सबसे अधिक थी। आंकड़ों ने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि बलूचिस्तान सबसे अशांत प्रांत रहा  जहां 103 हमलों में 170 मौतें दर्ज की गईं। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अधिक घायलों की संख्या बलूचिस्तान से भी दर्ज की गई, जहां कुल घायलों में से 50 प्रतिशत से अधिक दर्ज किए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि खैबर पख्तूनख्वा बलूचिस्तान के बाद दूसरा सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहा। विशेषज्ञ इसके पीछे अफगानिस्तान में तालिबान को सत्ता को बताते हैं। उनका कहना है कि इसमें पाकिस्तान की भूमिका काफी अहम रही।

## भारत में ओमिक्रोन के मामले हुए 1400 के पार, बीते 24 घंटों में कोरोना के भी 20 हजार से ज्यादा केस आए

नई दिल्ली।

भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में फिर तेजी से इजाफा होता नजर आ रहा है। बीते 24 घंटों में भारत में 22 हजार 775 मामले सामने आए हैं और इस दौरान 406 लोगों की मृत्यु हुई। कोरोना वायरस संक्रमण के सक्रिय मामले भी भारत में एक लाख के ऊपर पहुंच गए हैं। इधर, ओमिक्रोन वैरिएंट के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। देशभर में ओमिक्रोन के मामलों की संख्या 1400 के पार पहुंच गई है। ऐसे में लोगों को बेहद सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

भारत में कोविड-10 के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसे महामारी की तीसरी लहर की आशंका के रूप में देखा जा रहा है। बीते 24 घंटों की बात करें, तो 22 हजार 775 मामले सामने आए हैं और सिर्फ 8 हजार 949 लोग ठीक हो पाए हैं। ऐसे में कोरोना के सक्रिय मामलों में तेजी से इजाफा होना लाजिमी है। भारत में इस समय रिकवरी रेट 98.32त्न पहुंच गया है। देश में सबसे ज्यादा कोरोना के मामले महाराष्ट्र और दिल्ली में सामने आ रहे हैं।

महाराष्ट्र और दिल्ली में ओमिक्रोन के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। महाराष्ट्र में अब तक 454 मामले सामने आ चुके हैं, वहीं दिल्ली में 351 केस। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री यह कह चुके हैं कि राजधानी में ओमिक्रोन वैरिएंट का कम्यूनिटी स्प्रेड हो चुका है। इसलिए दिल्ली में कई पाबंदियां फिर से लगा दी गई हैं। इधर तमिलनाडु, गुजरात और केरल में भी ओमिक्रोन 100-100 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

भारत के अभी तक 23 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में ओमिक्रोन के मामले सामने आ चुके हैं। अभी कुल मामलों की संख्या 1431 है, लेकिन विशेषज्ञों की मानें तो ओमिक्रोन के केस लगभग 3 दिनों में डबल हो रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में तेजी से बढ़ेंगे। इधर स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, देश में अब ओमिक्रोन मुख्य वैरिएंट के रूप में सामने आ सकता है।

## राजस्थान में न्यू ईयर पर ओमिक्रॉन विस्फोट

### राज्य में नए वैरिएंट के 52 केस, सबसे ज्यादा 38 जयपुर में; 9 विदेश यात्रा से लौटे

जयपुर.

राजस्थान में नए साल के पहले दिन ही ओमिक्रॉन का बड़ा विस्फोट हुआ है। एक साथ 52 केस नए वैरिएंट के मिले हैं। इनमें 38 जयपुर से हैं। वहीं, प्रतापगढ़, सिरोही और बीकानेर में 3-3, जोधपुर में 2 और अजमेर, सीकर, भीलवाड़ा में 1-1 केस मिले। जानकारी मिली है कि ओमिक्रॉन के नए संक्रमितों में 9 विदेश यात्रा से लौटे हैं। 12 मरीजों ने दूसरे राज्यों की यात्रा की, जबकि दो ओमिक्रॉन मरीजों के संपर्क में आकर संक्रमित हुए हैं। इसी के साथ प्रदेश में ओमिक्रॉन से अब तक 121 पॉजिटिव हो चुके हैं। इनमें से 61 मरीज रिकवर हो चुके हैं।




#### एक महीने में 4 गुना बढ़े केस

राजस्थान में नवंबर की तुलना में दिसंबर में कोरोना(डेल्टा) के केस 4 गुना और मौत 8 गुना तक बढ़ गई। नवंबर में कुल 365 केस आए थे, जो दिसंबर में बढ़कर 1442 हो गए। वहीं मौत का आंकड़ा भी 1 से बढ़कर 9 पर पहुंच गया। पिछले 5 महीने की रिपोर्ट देखें तो दिसंबर में कोरोना के सबसे ज्यादा मरीज मिले हैं। हालांकि अच्छी खबर ये है कि राजस्थान में जितने भी केस मिल रहे हैं, उसमें 95 फीसदी से ज्यादा ऐसे है जिनमें कोई लक्षण नहीं है और उनको होम आईसोलेशन में ही रख रखा है।

राजस्थान में जयपुर सबसे ज्यादा केस मिले हैं। राज्य में जितने भी केस दिसंबर में मिले हैं, उसमें 56 फीसदी केस केवल जयपुर के है। जयपुर में संक्रमण की रफ्तार पिछले सप्ताह पहले बहुत तेजी से बढ़ी है। क्रिसमस से पहले 24 दिसंबर को जयपुर में पॉजिटिविटी रेट 0.50 फीसदी से भी कम थी, जो 30 दिसंबर तक बढ़कर 4.09 फीसदी पर पहुंच गई। हालांकि 31 दिसंबर को यह घटकर वापस 2.16 फीसदी पर आ गई।

## नए साल में सस्ता हुआ कॉमर्शियल गैस सिलेंडर

जयपुर.

साल 2020 में महंगाई की मार झेल रहे आमजन के लिए नया साल की शुरूआत थोड़ी राहत भरी रही। पेट्रोलियम-गैस कंपनियों ने आज कॉमर्शियल उपयोग के गैस सिलेण्डर की कीमतों में 102.50 रुपए की कमी की है। कंपनियों के इस निर्णय के बाद आज से कॉमर्शियल उपयोग का 19 किलोग्राम का गैस सिलेण्डर 2013.50 रुपए में मिलेगा।

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन ऑफ राजस्थान के महासचिव कार्तिकेय गौड़ ने बताया कि तेल कंपनियों ने केवल कामर्शियल सिलेंडर की कीमतों में ही बदलाव किया है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। घरेलु उपभोक्ता को अब भी 14.2 किग्रा का गैस सिलेण्डर बिना सब्सिडी 903.50 रुपए में मिल रहा है। गौड़ ने बताया कि पिछले साल एक दिसंबर को कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर की कीमतों में 101 रुपए प्रति सिलेण्डर का इजाफा किया था।



उन्होंने बताया कि वर्तमान में हर रोज जयपुर में 30 से 40 हजार सिलेण्डर की खपत होती है। ऐसे में रेस्टोरेंट संचालकों, खुले जगह थड़ी-ठेले लगाकर नाश्ता बेचने, चाय बेचने वालों के लिए यह थोड़ी राहत की बात है।

इधर गैस की कीमतों में कमी से का असर मकर संक्राति बाद सावों के सीजन पर देखने को मिलेगा। संक्रांति बाद सावे फिर से शुरू होंगे और प्रदेश में शादी-समारोह के आयोजन होंगे। इन शादी समारोह में भी बड़ी संख्या में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की खपत होगी। इसके अलावा मकर संक्रांति पर मिठाईयां भी बाजार में बनती है, ऐसे में हलवाईयों को भी इसका फायदा होगा।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 10वीं किस्त जारी

### 10.09 करोड़ किसानों के खातों में 20,946 करोड़ रुपए ट्रांसफर

नई दिल्ली.

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 10वीं किश्त 10.09 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में ट्रांसफर की। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में 20,946 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने किसानी उत्पादक संगठन से जुड़े लोगों से भी बातचीत की। साथ ही पीएम मोदी ने लगभग 351 किसान उत्पादक संगठनों को 14 करोड़ से अधिक का इक्विटी अनुदान भी जारी किया, इससे 1.24 लाख से अधिक किसानों को लाभ होगा। इस मौके पर केंद्रीय कृषि नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान वैष्णो देवी परिसर में हुए हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैं माता वैष्णो देवी परिसर में हुए दुखद हादसे पर शोक व्यक्त करता हूं। जिन लोगों ने भगदड़ में, अपनों को खोया है, जो लोग घायल हुए हैं, मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं।





## सम्पादकीय

# घाटी में आतंकी

कश्मीर में आतंकियों के बढ़ते हमले बता रहे हैं कि प्रदेश में हालात अभी भी सामान्य नहीं हैं। आए दिन सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमले हो रहे हैं। पिछले तीन महीनों में ये हमले ज्यादा बढ़े हैं। जाहिर है, राज्य में आतंकियों का नेटवर्क कमजोर नहीं पड़ा है। सुरक्षा बलों ने दो दिन पहले दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग और कुलगाम जिले में दो मुठभेड़ों में छह आतंकियों को मार गिराया। इनमें कश्मीर टाइगर्स फोर्स (केटीएफ) का स्वयंभू कमांडर और दो पाकिस्तानी आतंकी भी थे। चौंकाने वाली बात यह है कि इन लोगों के पास से जो हथियार मिले वे अमेरिका में बने हैं। इससे यह तो साफ हो गया है कि पाकिस्तान न सिर्फ आतंकियों को भारत में घुसाता रहा है, बल्कि उन्हें हथियारों की आपूर्ति भी कर रहा है। घाटी में ड्रोन के जरिए हथियार पहुंचाने के मामले सामने आते ही रहते हैं। गौरतलब यह भी है कि इस साल अगस्त में अफगानिस्तान में से लौटी अमेरिकी सेना अपने ज्यादातर हथियार वहीं छोड़ गई थी। फिर ये हथियार पाकिस्तान के बाजारों में बिकने लगे। ऐसे में इस बात की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि अमेरिकी हथियार इसी जरिए आतंकियों तक पहुंचाए जा रहे हों।

अगस्त 2019 में कश्मीर से धारा 370 को हटा देने के बाद से दावा किया जाता रहा है कि इससे आतंकी घटनाओं पर लगाम लगी है। प्रदेश में उग्रवादियों के खिलाफ सेना ने बड़ा अभियान भी छेड़ा हुआ है। लेकिन आतंकी हमलों में कमी नहीं आई है। इसका बड़ा कारण स्थानीय स्तर पर आतंकियों को मदद मिलना भी बताया जाता है। हालांकि सुरक्षा बलों की सख्ती से कुछ समय के लिए आतंकी हमलों में कमी दिखी थी, लेकिन बाद में अचानक से हमलों में तेज होने लगे। पंचायत चुनावों के दौरान भी राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों पर हमले कर उग्रवादियों ने राजनीतिक प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश की थी। कुछ महीने पहले दूसरे प्रदेशों से आए कामगारों पर ताबड़तोड़ हमलों ने सरकार और सुरक्षाबलों की नींद उड़ा दी। हकीकत यह है कि घाटी में लश्करे-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम कर रहे आतंकियों ने अब स्थानीय स्तरों पर अपने गुट बना लिए हैं। कश्मीर टाइगर्स फोर्स भी इन्हीं में से है। इसी संगठन ने तेरह दिसंबर को पुलिस की बस पर हमला किया था, जिसमें तीन जवान शहीद हो गए थे। मुश्किल यह भी कि आतंकियों का नेटवर्क ग्रामीण इलाकों में ज्यादा मजबूत है। आतंकी घने जंगलों में छिपे रहते हैं, जहां पहुंच पाना सुरक्षाबलों के लिए भी आसान नहीं होता। सुरक्षाबलों का दावा है कि घाटी में इस साल एक सौ अस्सी आतंकी मारे गए। इनमें बीस पाकिस्तानी और बाकी स्थानीय थे। स्थानीय स्तर के आतंकियों में ज्यादातर नौजवान बीस से पच्चीस साल के बीच के थे, जो पिछले एक साल के दौरान ही आतंकी संगठनों के साथ जुड़े थे। इससे यह पता चलता है कि आतंकी संगठनों में स्थानीय नौजवानों की भर्ती का काम गुपचुप तरीके से जारी है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आतंकी संगठनों के लिए काम करने वाले ज्यादातर नौजवान वे हैं जो बेरोजगार हैं। अभी भी दो सौ के करीब आतंकियों के मौजूद होने की बात कही जा रही है, जिनमें नब्बे आतंकी विदेशी हैं। ये हालात बता रहे हैं कि आतंकियों के जाल को तोड़ पाना आसान नहीं है। ऐसे में कैसे मान लिया जाए कि घाटी में आतंकवाद अब कमजोर पड़ चुका है।

# नए साल में बड़ी होगी सभी राजनीतिक दलों की चुनौतियां, सभी का होगा कड़ा इम्तिहान

**कांग्रेस को जून 2022 में नया अध्यक्ष चुनना है। 1885 में पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक कोई ऐसा नेता नहीं हुआ, जो लगातार 22-23 वर्षों तक अध्यक्ष रहा हो, पर सोनिया गांधी ने पूर्ववर्ती अध्यक्षों को पछाड़ दिया। वह अप्रैल 1998 से कांग्रेस अध्यक्ष हैं। बीच में डेढ़ वर्ष के लिए उन्होंने राहुल को अध्यक्ष बनाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में नेतृत्व को लेकर जो छटपटाहट दिखाई दे रही है और जो उनको पार्टी से दूर कर रही है, उससे लगता है कि कांग्रेस अब दो प्रकार के अध्यक्षों की नियुक्ति करेगी-कार्यकारी और प्रभावी। पार्टी कई कार्यकारी अध्यक्ष बना सकती है, जो सोनिया और राहुल के निर्देशन में काम करें। यह वही माडल है जो सोनिया के प्रधानमंत्री न बन पाने पर कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाकर सरकार में लागू किया था। वही प्रयोग अब संगठन में करने की कोशिश की जा रही है अर्थात उत्तरदायित्व विहीन शक्ति केंद्र। ऐसा कर पार्टी इस संभावना पर काम कर रही है कि यदि भाजपा सत्ता से बाहर हो तो राहुल को प्रधानमंत्री पद पर बैठाया जा सके।**

**चुनाव** आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव समय पर कराने के स्पष्ट संकेत से 2022 का स्वागत चुनावी जोश से हो रहा है। जुलाई 2022 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसलिए नए राष्ट्रपति का चुनाव भी नए वर्ष का एजेंडा होगा। चुनावी राज्यों में पंजाब के अलावा भाजपा की सरकारें हैं। नतीजे न केवल भाजपा के लिए, वरन राष्ट्रपति के चुनाव और सरकार की राज्यसभा में स्थिति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि ममता बनर्जी विपक्ष का नेतृत्व हासिल कर पाती हैं या नहीं? नए वर्ष में जनता विपक्ष के सकारात्मक स्वरूप की उम्मीद करती है। पिछले वर्ष विपक्ष के असंसदीय व्यवहार ने जनता को निराश किया। ऐसा संकेत गया कि विपक्ष संसद में गतिरोध पैदा कर सार्थक चर्चा से बचता रहा। अपनी बात को जनता के समक्ष रखने का सबसे प्रभावी मंच तो संसद है, लेकिन विपक्ष उसके इस्तेमाल में विफल रहा। इससे लगता है कि विपक्ष के पास रचनात्मक और सकारात्मक विचार नहीं। आज देश की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है। यदि जनशक्ति के इस प्रवाह को बांधा नहीं गया तो यह सुनामी बन हमारे विकास को ध्वस्त कर देगी। जब भी जनसंख्या नियंत्रित करने की बात होती है तो उसे एक समुदाय पर अंकुछा से जोड़ दिया जाता है, पर इस चुनौती से सबको मिलकर लड़ना है, अन्यथा एक ऐसी स्थिति आ जाएगी कि संभाले नहीं संभल पाएगी।

नए वर्ष में भाजपा की चुनौती भी गंभीर है। उसने संसदात्मक व्यवस्था को अध्यक्षात्मक व्यवस्था में बदलने की शुरुआत की है। ऐसा प्रयास इंदिरा गांधी ने किया था, जब राजनीतिक व्यवस्था को प्रधानमंत्रीय व्यवस्था के रूप में देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी भी कुछ ऐसा ही कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्रियों और अन्य नेताओं की भूमिका सीमित हुई है, लेकिन इंदिरा या किसी पूर्व प्रधानमंत्री के मुकाबले मोदी का जनता से बेहतर संवाद है, लेकिन इससे मोदी के मंत्री, सांसद और विधायक कुछ निष्क्रिय और अपनी विजय के प्रति आश्वस्त हो गए हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने हाल में उनको इसके प्रति सावधान किया और चेतावनी भी दी। नए वर्ष की राजनीतिक संभावनाओं को विगत वर्षों की प्रवृत्तियों से भी जोड़कर देखा जाना चाहिए। राष्ट्रीय और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में दो बातें साफ हैं। एक, देश में विकास और जनसेवाओं को जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। दो, राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रतिरक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक बदलाव आया है। मोदी को लोगों ने परिवर्तन के प्रतीक के रूप में देखा है, जिन्होंने तात्कालिक लाभ की जगह दूरगामी हितों पर विशेष ध्यान दिया है।

परंपरागत असंबद्धता को छोड़कर अब हम सभी देशों से सक्रिय संवाद और संबंध रखते हैं, जिससे हम अपने राष्ट्रीय हितों को बेहतर सुरक्षित कर सकें। भारत न केवल अधिक राष्ट्रवादी हो रहा है, वरन अधिक अंतरराष्ट्रीयवादी भी। इससे हम विश्व में छठवीं आर्थिक शक्ति के रूप में उभरे हैं और कुछ वर्षों में तीसरी



आर्थिक-शक्ति बन सकते हैं। विश्व मंचों पर आज भारत की आवाज सुनी जा रही है और हम वैश्विक एजेंडे को प्रभावित कर रहे हैं।

देश में 42 करोड़ जनधन खातों और मुद्रा योजना में वितरित 15 लाख करोड़ रुपये से एक ऐसे वर्ग को वित्तीय समावेशन मिला है, जिसे सरकार ने पीने के पानी, शौचालय, स्वास्थ्य और एक छत की व्यवस्था को वास्तविक स्वरूप दे उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने का मार्ग प्रशस्त किया है। नवउद्यमियों को राष्ट्र निर्माता की मान्यता दे आर्थिक विकास, आयात-निर्यात असंतुलन कम करने और नई-नई नौकरियों की संभावनाएं बढ़ी हैं। सरकार नौकरी प्रदाता के रूप में अपनी भूमिका सीमित कर शासन पर ध्यान केंद्रित कर रही है। महिला सशक्तीकरण में सरकार ने बेहतर काम किया है। सेना में कमीशन, तीन तलाक से छुटकारा और पैतृक संपत्ति में हिस्सा-ये ऐसे काम हैं जिनसे महिलाओं के विकास और सशक्तीकरण को पंख लगेंगे। सरकार के लिए धन जुटाना भी समस्या रही है, जिसे उसने आयकर और जीएसटी के माध्यम से ठीक किया है। 2014 के मुकाबले आज 117 प्रतिशत ज्यादा लोग एक करोड़ से अधिक आय दिखा रहे हैं तथा आयकर रिटर्न फाइल करने में 103 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खाते में सीधे पैसे भजने से बिचौलियों का खेल खत्म हुआ है। आधार से जुड़ने के कारण फर्जी खाते बंद हुए हैं।

मोदी सरकार ने देश की समृद्ध विरासत और आधुनिक-प्रौद्योगिकी का अद्भुत सम्मिलन किया है। देश उसका लाभ उठाता रहेगा। मीडिया जरूर मोदी सरकार के प्रति उदार नहीं रहा और उसकी उन बातों पर ध्यान नहीं दिया, जिसका श्रेय उसे मिलना चाहिए। प्रमुख यूरोपीय विचारक जान राल्स ने न्याय की अवधारणा के लिए बताया था कि यदि समाज के विभिन्न आर्थिक वर्गों को केवल एक कदम आगे बढ़ा दिया जाए तो उनको न्याय का अहसास होता है। मोदी ने वही किया है। आज गरीबों और छोटे किसानों के खातों में जो थोड़ा-सा धन आ रहा है, वह उनको आर्थिक सुरक्षा और न्याय का अहसास दिलाता है। यह सिलसिला इस नए वर्ष में भी कायम रहना चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष
थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

### वृषभ
प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी। तनाव रहेगा। कुसंगति से हानि होगी।

### मिथुन
आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

### कर्क
कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे। अपनी देनदारी समय पर चुका पाएंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### सिंह
अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी।

### कन्या
परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

### तुला
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें। रसोई में चोट लग सकती है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है।

### वृश्चिक
अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। घरेलू कार्य समय पर होंगे।

### धनु
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

### मकर
धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

### कुंभ
पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें। शारीरिक कष्ट के योग हैं। लापरवाही न करें। आय में निश्चितता रहेगी।

### मीन
शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें।

## स्वास्थ्य समाचार

# अपच के लिए सबसे बढ़िया नुस्खा है अजवाइन और सौंफ का काढ़ा

खराब खान-पान और असंतुलित जीवनशैली के चलते आजकल लोगों में पेट संबंधी समस्याएं तेजी से पैर पसार रही हैं। जिसमें से सबसे आम समस्या है अपच। अपच की समस्या आमतौर पर अनियमित दिनचर्या का पालन करने, ज्यादा सोने, अधिक खाने या फिर देर से खाना खाने आदि के कारण होती है। हालांकि अपच से राहत पाने के लिए कई घरेलू नुस्खे मौजूद हैं, लेकिन कई बार अपच की समस्या इतनी बढ़ जाती है कि यह नुस्खे भी फीके पड़ जाते हैं।



### अपच से दिलाए छुटकारा
अजवाइन और सौंफ का काढ़ा अपच की समस्या का रामबाण इलाज है। अजवाइन पेट के एंजाइम्स को एक्टिव कर देती है। अजवाइन में पाए जाने वाला थायमोल नामक एक्टिव एंजाइम आपके गैस्ट्रिक जूस को निकालकर डायजेशन की प्रक्रिया को बढ़ाता है। इससे गैस पेट फूलना दर्द आदि ठीक होता है। वहीं सौंफ के फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सिडेंट्स पेट में गैस होने से रोकते हैं। अजवाइन और सौंफ का यह काढ़ा आपके अपच की समस्या से छुटकारा दिलाने का एक आयुर्वेदिक तरीका है, जिसके जरा भी नुकसानदायक नहीं है। इस काढ़े के सेवन से पेट हमेशा साफ और बैक्टीरिया रहित रहता है।

### सर्दी-जुकाम से दिलाए राहत
सर्दी-जुकाम होने पर शरीर में कमजोरी थकान सिर दर्द आदि की समस्या भी होने लगती है। सर्दी-जुकाम में काढ़ा पीना बहुत फायदेमंद होता है। ऐसे में अजवाइन और सौंफ का काढ़ा पीना आपके जुकाम के लिए काफी लाभदायक होता है। विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर यह काढ़ा सर्दी-जुकाम से बहुत जल्द राहत दिलाता है। इससे पीने से गले की खराश भी दूर होती है। इसके एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण बंद नाक और सीने में होने वाले बलगम को भी कम करते हैं। अजवाइन सौंफ का यह काढ़ा शरीर का तापमान भी नीचे लाने में मददगार होते हैं और गर्म तासीर होने के कारण शरीर को अंदर से गर्माहट देते हैं।

### ग्लोइंग स्किन
यह काढ़ा केवल इम्यूनिटी बढ़ाने या फिर सर्दी जुकाम ही नहीं बल्कि त्वचा की खूबसूरती को भी बरकरार रखते हैं। सौंफ और अजवाइन प्राकृतिक रूप से एंटीसेप्टिक होती हैं। इस काढ़े से त्वचा को जरूरी न्यूट्रिएंट्स जैसे कि विटामिन सी मिलता है। इसके एंटीऑक्सिडेंट्स त्वचा को फ्री रेडिकल्स और सन डैमेज से बचाते हैं।

# छुईमुई या लाजवंती का पौधा है कई रोगों का कारगर आयुर्वेदिक इलाज

आप सभी ने छुईमुई या लाजवंती के पौधे के बारे में जरूर सुना होगा। एक ऐसा पौधा जिसे छूने से उसकी पत्तियां सिकुड़ जाती हैं। यह एक संवेदनशील पौधा होता है जिसे कई नामों से जाना जाता है। छुईमुई या लाजवंती और शर्मीली इन नामों से जानें जाना वाला पौधा आयुर्वेद के मुताबिक कई औषधीय गुणों का भंडार है। छुईमुई का वानस्पतिक नाम माईमोसा पुदिका है। आदिवासी इलाके में इस पौधे का इतेमाल पारंपरिक चिकित्सा के लिए काफी समय से किया जाता रहा है। चुमुई या लाजवंती एक बारहमासी पौधा है जिसका इस्तेमाल आप आयुर्वेदिक तरीकों से तमाम बीमारियों के इलाज के लिए कर सकते हैं।

**एंटी डिप्रेसेंट, एंटी एंग्जायटी और मेमोरी के लिए फायदेमंद :** आयुर्वेद के मुताबिक छुईमुई के पौधे के इस्तेमाल से तनाव, अवसाद और डिप्रेशन की समस्या को खत्म किया जा सकता है। याददाश्त में सुधार के लिए भी छुईमुई या लाजवंती का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके पौधे (पत्ती समेत) का अर्क बनाकर उसका सेवन करने से आपको मानसिक समस्याओं में फायदा मिलेगा। आप तनाव, डिप्रेशन, चिंता और अवसाद जैसी मानसिक बीमारियों के इलाज के लिए छुईमुई के पौधे का अर्क बना लें। अब इस अर्क का रोजाना सुबह-शाम एक चम्मच



सेवन करें। ऐसा कुछ दिनों तक करने से इन बीमारियों में फायदा मिलेगा।

**डायबिटीज की समस्या में छुईमुई का इस्तेमाल :** मधुमेह की समस्या में छुईमुई की पत्तियों का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसकी पत्तियां शरीर में बढे हुए ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में बहुत फायदेमंद मानी जाती है। इसका नियमित सेवन करने से आपके खून में बढ़ा हुआ ब्लड शुगर का स्तर संतुलित होता है। डायबिटीज की समस्या की वजह से शरीर में कई अन्य दिक्कतें भी पैदा होने लगी हैं जिसकी वजह से इंसान को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आप भी डायबिटीज की समस्या से जूझ रहे हैं तो छुईमुई की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। ब्लड शुगर के स्तर को कम करने के लिए छुईमुई की 100 ग्राम पत्तियों को 300 मिलीलीटर पानी में डालें। अब इसे तेज आंच पर उबालकर काढ़ा बना लें। इस काढ़े का सेवन करने से मधुमेह की समस्या में फायदा मिलता है।

**बवासीर ( पाइल्स ) की समस्या में छुईमुई का इस्तेमाल :** बवासीर की समस्या बहुत ही कष्टदायक समस्या होती है। अधि मसालेदार और तीखा भोजन करने की वजह से बवासीर की समस्या का खतरा रहता है। आप बवासीर की समस्या से राहत पाने के लिए छुईमुई या लाजवंती के पौधे का इस्तेमाल कर सकते हैं। आयुर्वेद के मुताबिक बवासीर के इलाज के लिए इसका इस्तेमाल प्राचीन काल से ही होता आ रहा है। कुछ लोगों को बवासीर की समस्या होने पर उन्हें मल के साथ खून आने की समस्या भी होती है। इसे खूनी बवासीर की समस्या कहते हैं। इस स्थिति में लाजवंती या छुईमुई के पौधे का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। बवासीर की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप छुईमुई के पत्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**डायरिया की समस्या में छुईमुई का इस्तेमाल :** सामान्य और खूनी दस्त की समस्या में छुईमुई या लाजवंती की पत्तियों का इस्तेमाल किया जाता है। दस्त के इलाज के लिए इसका इस्तेमाल सैकड़ों सालों से किया जाता है। दस्त और पेचिश आदि की समस्या में में छुईमुई की पत्तियों का अर्क बनाकर पिलाने से फायदा मिलता है। इसके अलावा आप खूनी दस्त की समस्या में छुईमुई के पौधे की जड़ का चूर्ण बनाकर मरीज को लगभग 3 ग्राम चूर्ण दही के साथ खिलाएं। एक से दो बार खिलाने से खूनी दस्त की समस्या तुरंत खत्म हो जाती है।

**अस्थमा में छुईमुई का इस्तेमाल :** अस्थमा की समस्या में छुईमुई को असरदार आयुर्वेदिक औषधि माना जाता है। अस्थमा में इसका इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है।

# खून पतला करने के लिए अपनाएं यह उपाय, नहीं होगी दिल की समस्या

रक्त का थक्का बनना या ब्लड क्लॉटिंग एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसे हमारा शरीर स्वयं ही बनाता है। मसलन, जब कभी हमें चोट लगती है तो रक्त का थक्का बन जाता है, ताकि ब्लीडिंग को रोका जा सके। लेकिन जब कभी हमारे शरीर के कुछ महत्वपूर्ण हिस्सों जैसे हृदय, फेफड़े या मस्तिष्क में रक्त के थक्के बन जाते हैं, तो यह काफी डेंजरस हो सकता है।

**हल्दी का करें सेवन :** हल्दी में सक्रिय तत्व करक्यूमिन होता है जिसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और रक्त को पतला करने वाले या थक्कारोधी गुण होते हैं। इसलिए, अगर आप नेचुरली रक्त को पतला करना चाहते हैं तो ऐसे में हल्दी का सेवन करना अच्छा रहेगा। आप इसे अपनी सब्जी से लेकर सूप यहां तक कि दूध में भी इसे डाल सकते हैं।

**अदरक :** अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो रक्त के थक्के को रोक सकता है। इसमें सैलिसिलेट नामक एक प्राकृतिक एसिड होता है, जो रक्त को पतला करने में मदद करता है।

**लाल मिर्च :** लाल मिर्च में सैलिसिलेट भी अधिक होते हैं और यह शक्तिशाली रक्त को पतला करने वाले एजेंट के रूप में कार्य कर सकता है। इतना ही नहीं, अगर इसका सेवन किया जाए तो इससे रक्तचाप कम करना और परिसंचरण बढ़ाना जैसे अन्य लाभ भी आपको मिलते हैं।

# हाथों की त्वचा को कैसे रखें लंबे समय तक यंग? हाथों को एजिंग से बचाने के आसान टिप्स

जितना काम हमारे हाथ करते हैं उतना शरीर का कोई भी हिस्सा नहीं करता। इसलिए हमारे हाथ हमारे बाकी के शरीर के मुकाबले अधिक तेजी से बूढ़े होने लगते हैं। हम हमारे चेहरे की या शरीर की केयर तो करते हैं। उनके लिए स्किन केयर रूटीन का पालन भी करते हैं। लेकिन हम अपने हाथों को पूरी तरह से इग्नोर कर देते हैं। इनकी किसी भी तरह से केयर नहीं करते। हमारे हाथों में एजिंग के लक्षण स्किन में उम्र बढ़ने के साथ साथ फैट्स और लचक कम होने के कारण आते हैं। जिसकी वजह से हाथों पर झुर्रियां दिखने लगती है। साथ में कुछ अन्य फैक्टर भी हैं जिनके कारण हाथ समय से पहले बूढ़ा होने लगते हैं।

**हाथों के डेड स्किन सेल्स हटाते रहें :** आपको अपने हाथों को सूर्य से बचाने के लिए उन पर हमेशा सन स्क्रीन का प्रयोग करना चाहिए। इसके साथ ही आपको हाथों पर मॉइश्चराइजर भी अप्लाई करना चाहिए। आपके हाथों पर अक्सर डेड स्किन सेल्स जमा हो जाती हैं इसलिए उनक़ हटाने के लिए हाथों पर स्क्रब का प्रयोग करें। अगर आपके हाथों में रिंकल्स दिखने लगे हैं तो आप वहां नींबू या ब्लीच ट्रीटमेंट का प्रयोग कर सकती हैं।

**फैट इंजेक्शन का भी रखें ध्यान :** यह इंजेक्शन हर किसी के लिए नहीं होते। लेकिन अगर आप अपने हाथों को लेकर कुछ ज्यादा ही सचेत हैं और उनको और अधिक यंग और प्लंपी दिखाना चाहती हैं तो आप इस प्रकार के इंजेक्शन ले सकती हैं। इस प्रकार के इंजेक्शन में एक तरह



की सर्जरी शामिल होती है। जिससे आप दो हफ्तों में रिकवर हो पाएंगी। उस सर्जरी के दौरान आपके शरीर के अन्य हिस्सों जैसे पेट आदि से एक्स्ट्रा फैट ले कर आपके हाथ के पिछले हिस्सों में भरा जाता है।

**स्किन ट्रीटमेंट करवा सकती हैं :** आपको कभी कभार अपने हाथों के लिए भी ट्रीटमेंट लेना चाहिए और इन ट्रीटमेंट्स में डर्मा ब्लैडिंग, डर्मा ब्रेशन और केमिकल एक्सफोलिएशन आदि शामिल हैं। यह ट्रीटमेंट आपकी स्किन की आउटर लेयर को रिमूव करते हैं।

# बीड़ी गोदाम से बीड़ी की बोरिया चोरी मामले का खुलासा



## 2 अभियुक्त गिरफ्तार

नागौर (नागौर डेली न्यूज) : रिको एरिया नागौर के देसाई बीडी गोदाम से बीडी की बोरिया चोरी के प्रकरण में कोतवाली थाना ने शनिवार को खुलासा करते हुए दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह नि.पु. पुलिस थाना कोतवाली नागौर के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया एवं लगातार निगरानी रखी जाकर टीम के सदस्यों की आसूचना संकलन के आधार पर शनिवार को मीनटू गुर्जर उर्फ मीन्टू पुत्र पृथ्वीराज जाति गुर्जर उम्र 23 साल निवासी कोचर पुलिस थाना बामनवास जिला सवाईमाधोपुर व बिहारीलाल पुत्र छगनलाल जाति कुमावत उम्र 44 साल निवासी फुलेरा थाना फुलेरा जिला जयपुर ग्रामीण को दस्तयाब किया जाकर पूछताछ की गई तो दोराने पूछताछ थाना हाजा पर दर्ज मु.न. 573-2021 धारा 457,380 व 120 बी आईपीसी में न्यू रिको एरिया नागौर से देसाई बीडी गोदाम से 181 बीडी के बोरियों की चोरी करना स्वीकार किया जाने पर आरोपी मीन्टू व बिहारीलाल को गिरफ्तार किया गया व आरोपियानो से तकनीकी व मनोवैज्ञानिक आधार पर पूछताछ की जा रही है। टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त वाहन व चोरीसुदा माल बरामदगी की प्रयास जारी है व अन्य मुलजिमानो के तलाश की जारी है।

# नावां एलआईसी शाखा कार्यालय में राजेंद्र धायल को किया सम्मानित



हितेश रारा

मारोठ ( नागौर डेली न्यूज ) : कस्बे के निकटवर्ती गांव श्यामगढ़ के एलआईसी एजेंट राजेंद्र कुमार धायल को सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर एम.डी.आर.टी. यू.एस.ए. की पात्रता अर्जित करने पर अमित टांक शाखा प्रबंधक कुचामन, नावा शाखा प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद मीणा, सहायक शाखा प्रबंधक विपुल भटनागर, सोहनलाल जाजोरिया, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुमेर सिंह मीणा, विनोद कुमार, विकास अधिकारी ओमप्रकाश बुरडक ने नावा एलआईसी शाखा में साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। आयोजन के इस अवसर पर कैलाश चौधरी, भंवरलाल ढाका, मुकेश कुड़ी, सतीश प्रधान, राकेश जांगिड़ व अजय गौड़ उपस्थित रहे। नावा शाखा प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि 2022 में होने वाली एमडीआरटी सेमिनार में राजेंद्र कुमार धायल यूएसए अमेरिका जाएंगे।

# खाटू यूनाईटेड फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में सात दिवसीय विंटर फुटबॉल टैलेंट हंट कैंप का आयोजन



छोटी खाटू( नागौर डेली न्यूज) :

छोटी खाटू कस्बे के प्रीस्टार पब्लिक स्कूल व खाटू यूनाईटेड फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में सात दिवसीय विंटर फुटबॉल टैलेंट हंट कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 45 बच्चो ने भाग लिया और फुटबॉल खेल का तकनीक व कौशल को सीखकर अपने खेल को बेहतर बनाने का प्रयास किया। कोच रियाज शेख के सानिध्य में बच्चो ने फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण प्राप्त किया । कैंप के समापन समारोह के अवसर पर जितेंद्र सिंह ने गाइड के रूप में रूस से आये विदेशी लोगो से खिलाड़ियों का परिचय करवाया। इस अवसर पर कोच रियाज अहमद शेख ने प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों को ट्रेक सूट वितरित दिए गए। समापन समारोह के अवसर पर कल्याण सिंह राठौड़, सैयद मुजाफिर अली,सुखदेव पूरी,सकील कब्जा,गिरधारी जी,सुखराम जाखड़, प्रेम चौधरी,रविन्द्र जाखड़,नोरत ओझा, जब्बार गहलोत, मारवाड़ क्लब डीडवाना के कोच सादाब उसमानी,राजूराम घासल, आदि उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर उत्थान क्लासेज ने दिया सार्वजनिक स्वच्छता का संदेश

सद्दाम रँगरेज



कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) : शहर के डीडवाना रोड़ स्थित उत्थान क्लासेज के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने नववर्ष पर राजकीय चिकित्सालय एवं गणेश डूंगरी परिसर की साफ सफाई कर नववर्ष पर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान संस्था प्रधान मनीष शर्मा ने जीवन मे सफाई का महत्व समझाया। इस अवसर पर संस्था के विद्यार्थियों के अलावा सुरेश भूकर, मामराज गोदारा, जितेंद्र शेखावत, एलआर बिजारणिया, मुकेश लोछब, सुरेश कड़वा, सुरेंद्र मुंडेल, विवेक शर्मा, अश्विनी तापड़िया, गिरिराज पारीक, चांदमल शर्मा, हरेंद्र सिंह मिंडकिया आदि गणमान्य लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## नागौर डेली की ख़बर का हुआ असर

# मारोठ मुख्य बस स्टैंड से खांदेडा की ढाणी तक 10 लाख रुपए की लागत से गंदे पानी की निकासी के लिए बनेगा नाला

हितेश रारा

मारोठ ( नागौर डेली न्यूज ) : दो पवित्र स्थान से होकर जाने वाले मार्ग पर फैला गंदा पानी व गंदगी इस कदर की पैदल चलना भी दुश्वार शीर्षक से खबर प्रकाशित होते ही पंचायत प्रशासन आया हरकत में और तुरंत प्रभाव से मारोठ मुख्य बस स्टैंड से खांदेडा की ढाणी तक 10 लाख रुपए की लागत से गंदे पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण की स्वीकृति निकाल दी।

ग्राम विकास अधिकारी सागर सिंह मीणा व सरपंच सारिका बाबेल ने बताया कि इस मार्ग में 3 माह के भीतर नाला निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा। मामला है कि कस्बे के मुख्य बस स्टैंड से खांदेडा जाने वाले मार्ग पर कीचड़ इस तरह फैला हुआ है की राहगीर पैदल चलने पर भी गंदा हो जाता है मौहल्ले के पास नालियो का गंदा पानी मार्ग पर जमा होने से राहगीर व वाहन चालको को खासी परेशानी हो रही है।

ताज्जुब की बात यह है कि इस मार्ग में दो पवित्र स्थान श्री 1008 श्री महाराजा रघुनाथ जी राठौड़ स्मारक स्थल व हजरत पीर भाकर अली की दरगाह सहित आम मार्ग व स्कूल होने के बावजूद भी बीते कई महीनों से गंदगी में बदहाली के आंसू बहा रहा है । व्यस्तम मार्ग के कारण दिन भर छोटे बड़े वाहनो का आगमन होता है। वाहन व बच्चो को भी इस मार्ग में कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। मौहल्ले के वाशिंदो ने बताया कि नालियो का


दो पवित्र स्थान से होकर जाने वाले मार्ग पर फैला गंदा पानी

- प्रशासन व जनप्रतिनिधि जान कर भी अंजान आमजन परेशान
- गंदगी इस कदर की पैदल चलना भी दुश्वार

गंदा पानी मुख्य मार्ग पर पिछले कई महीनों से जमा हो रहा है। जिससे मौहल्ले में मच्छर जनित बिमारियो के फैलने की आशंका बढ गई है। मौहल्ले में पिछले महीने डेंगू व मौसमी बीमारी के मरीज भी काफी रहे है। पर जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे थे।

# रंगोली बनाकर किया नए वर्ष का स्वागत




धनसुख सैनी

जिलिया( नागौर डेली न्यूज) : राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जिलिया में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन एनएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली बनाकर नए वर्ष का स्वागत किया गया तथा कोरोना से बचाव का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम प्रभारी रामपाल ने बताया कि एनएसएस कार्यकर्ताओं ने जागरूकता रैली निकालकर गांव में कोरोना से बचाव का तथा टीकाकरण का संदेश दिया। एनएसएस कार्यकर्ता ने गांव में कोविड-19 टीकाकरण हेतु सर्वे किया तथा लोगों को टीकाकरण का महत्व बताया और टीकाकरण हेतु ग्राम वासियों को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य श्री मुकेश दाधीच ने कार्यकर्ताओं द्वारा शिविर के दौरान किए गए कार्यों जागरूकता रैली तथा रंगोली संदेश के लिए कार्यकर्ताओं की सराहना की तथा आगामी दिनों में और अच्छा काम करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याताओं तथा अध्यापकों ने शिविर का निरीक्षण किया तथा छात्रों के द्वारा किए गए कार्यों की भरपूर प्रशंसा की।

# स्वयं सेवकों ने किया श्रमदान, वैक्सीन के लिए किया सर्वे

सद्दाम रँगरेज

कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) : जवाहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामनसिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्तर-2 के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का आगाज़ स्वयंसेवकों के योगाभ्यास से हुआ।

सुबह के नाश्ते के बाद सभी स्वयंसेवक गोद ली गई बस्ती प्रतापनगर पहुँचे। कुछ समय श्रमदान किया। घर- घर जा कर कोरोना वैक्सीन सर्वे किया।

जिसमें पाया कि 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग से लगभग सभी लोगों का दोनों टीकाकरण हो चुका है। कुछेक को केवल एक डोज़ ही लगी है उनको प्रेरित किया गया। दोपहर पश्चात कुचामणसिटी पुलिस थाना में श्रमदान किया। पुलिस अधिकारियों महिला डेस्क और साइबर अपराध पर अपनी वार्ताएँ दी। पशुचिकित्सालय का भी दौरा किया गया जहाँ वेटनरी सहायक गोविंद राम मीणा ने पशु नस्ल प्रकार, पशुओं में





होने वाले रोग और उनका उपचार और रोकथाम पर अपनी वार्ता दी। आज सम्पन्न की गई समस्त गतिविधियों के दौरान कार्यक्रम प्रभारी डॉ भँवरलाल गुगड़,कमलकुमार जाँगिड़ तथा रामनिवास साहू विद्यार्थियों के साथ रहे।

संस्था प्रधान मंजू चौधरी ने शिविर का अवलोकन किया तथा स्वयंसेवकों के कार्यों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की।

# तीन निजी चिकित्सालयों में नव वर्ष के उपलक्ष पर नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर हुए आयोजित

मोहम्मद शहजाद

मकराना( नागौर डेली न्यूज )। मकराना में नव वर्ष के उपलक्ष में शनिवार 1 जनवरी 2022 को यू के आर ग्रुप मकराना के तत्वावधान में निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन सीबीएम हॉस्पिटल, सीकेएस हॉस्पिटल व भारत हॉस्पिटल में आयोजित हुए। इस शिविर में महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का नि:शुल्क इलाज व दवाइयों तथा जांचे की गई। यूकेआर ग्रुप से मिली जानकारी के अनुसार तीनों हॉस्पिटलो में लगभग 450 मरीजों ने लाभ उठाया। वही सीबीएम हॉस्पिटल मकराना में सेवाएं देने वाले डॉक्टर बिंदु चौधरी स्त्री एवं प्रसूति महिला रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर एनडी गुना एवं डॉक्टर जीएसएल स्वामी ने अपनी सेवाएं



दी। वही भारत हॉस्पिटल मकराना में डॉक्टर प्रदीप राजवंशी व डॉक्टर दीपशिखा ने अपनी सेवाएं दी। वही सीकेएस हॉस्पिटल मकराना में डॉक्टर सद्दाम हुसैन, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तस्लीम नूरी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राशिद खान, डॉक्टर सुभाष सैनी, डॉक्टर पवन कुमार ने अपनी सेवाएं दी।

# श्रम ही सच्चा दान हैं- सुगनाराम
## रियांबड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर जारी

इलियास खान

रियांबड़ी ( नागौर डेली न्यूज़ ) : सार्वजनिक जगह पर श्रमदान करना बहुत बड़ा पुण्य व सबसे बड़ा दान हैं यह बात शिविर प्रभारी सुगना राम गतियाला ने कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रियांबड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान कही।




शिविर में शनिवार को चौथे दिन कार्यक्रम अधिकारी सुगनाराम गटियाला के निर्देशन में सामुदायिक स्वच्छता एवं भ्रमण रैली का आयोजन किया गया । इसके तहत विद्यालय से स्वयं सेवकों ने बजरंग गढ बालाजी मंदिर तक स्वच्छता रैली मार्च किया एवं मंदिर परिसर में श्रमदान किया। सामुदायिक स्वच्छता पर आधारित एक वार्ता का आयोजन भी किया गया जिसके तहत पुखराज जांगिड़ प्रधानाचार्य लामगरा अजमेर ने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता अपनाते हुए हम किस तरह से स्वस्थ रह सकते हैं पर गौर चर्चा की गई।

# पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय में आर्थिक सहयोग देकर नववर्ष की की शुरुआत



हितेश रारा

मारोठ ( नागौर डेली न्यूज ) : कस्बे के श्री ऋषभ चंद जैन गोधा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूर्व विद्यार्थियों ने नये अंदाज में नववर्ष की शुरुआत की। स्थानीय विद्यालय की वर्तमान शिक्षण व्यवस्था और स्टाफ साथियों के प्रोत्साहन से प्रभावित होकर भामाशाह हरदेवाराम कस्वां डाकघर निरीक्षक- जयपुर, कन्हैयालाल तिवाडी शारीरिक शिक्षक- सौलायां, रामनिवास रूलानियां लेखा अधिकारी पंचायत समिति- नावां, हंसराज मेघवाल वरिष्ठ अध्यापक- सौलायां ने विद्यालय को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर शाला के प्रधानाचार्य सी.आर.गोठवाल और स्टाफ साथियों ने भामाशाहों का आभार जताते हुए राजस्थानी शान साफा एवं माल्यार्पण से भामाशाहों का स्वागत किया और साथ ही भामाशाह ने भी विद्यालय से जुड़े अपने पूर्व अनुभवों से छात्रों को रूबरू करवाते हुए विद्यार्थी जीवन का महत्त्व और दृढ़ निश्चय के साथ भावी जीवन के सपनों को साकार करने के लिए प्रेरणात्मक उद्बोधन प्रदान किया।

# श्री फलवृद्धि पाश्वनाथ मंदिर में हुआ मां पद्मावती का महा पूजन का आयोजन

- नागौर नगर परिषद की सभापति मिथू बोथरा भी रही मौजूद
- सैकड़ों धर्म प्रेमी बंधुओं ने लिया भाग

एजाज़ अहमद उस्मानी

मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) : मेड़ता रोड में श्रीफल वृद्धि पार्श्वनाथ भगवान के मन्दिर में मां पद्मावती का महा पूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मां पद्मावती की महा पूजा की गई व आरती उतार कर जैन धर्म के लोगों ने मां पद्मावती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान नागौर नगर परिषद की सभापति मिथू बोथरा भी मौजूद थीं। इस मौके पर नागौर नगर परिषद की सभापति मिथू बोथरा ने कहा कि हम सबको मां पद्मावती के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां पद्मावती के आशीर्वाद से आज समाज प्रगति की राह पर अग्रसर है उन्होंने कहा कि अगर इंसान हिंसा को छोड़कर अहिंसा का रास्ता अपना ले तो भगवान साथ देता है और गुरु शिष्य का जीवन वास्तव में जीवन बन जाता है। मां पद्मावती की पूजा के बाद मन्दिर में दिन भर अनेक प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान प्रात: कालीन भगवान की आरती की गई उसके तत्पश्चात भगवान की पूजा अर्चना कर मंत्रोचार के साथ मां पद्मावती की पूजा की गई। मेड़ता रोड पार्श्वनाथ जैन मंदिर के ट्रस्ट सचिव चंचल मल नाहर ने बताया किश्री फलवृद्धि पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर में नववर्ष के शुभ अवसर पर श्रीमान रूपचन्द फतेहचन्द अशोककुमार समदड़िया परिवार, नागौर (जयपुर) द्वारा श्री नवकार धाम के प्रेरक श्री लाभरुचि म.सा., साध्वी श्री प्रफुल्लप्रभाश्री, साध्वी श्री अक्षयज्योतिश्री म.सा. को काम्बली ओढाई गई। सचिव चंचलमल नाहर, कोषाध्यक्ष सुरेशकुमार चौधरी, भोजनशाला उपाध्यक्ष महावीरचंद बांठिया, सचिव वीरेंद्रकुमार सिंघवी, ट्रस्टी पदमचंद तोलावत, कमलचन्द बांठिया, हनुमानमल दुग्गड़ व ट्रस्ट मण्डल द्वारा शासनरत्न अशोककुमार समदड़िया, संघपति व नागौर सभापति श्रीमती मीतू नवरतनमल बोथरा परिवार का बहुमान किया गया।

दोपहर विजय मुहूर्त में श्री सम्पतराज बोथरा परिवार द्वारा श्री लाभमुनि म.सा., साध्वी जी म.सा व पद्मावती मण्डल जोधपुर द्वारा 108 पार्श्वपद्मावती पूजन पढ़ाया गया।इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष पन्ना लाल सिंघवी, चंचलमल नाहर, अध्यक्ष सुरेश कुमार चौधरी, भोजन शाला सचिव विरेन्द्र कुमार सिंघवी, हस्तीमल चौधरी सहित अनेक जैन समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# भोमराजका स्कूल में छात्राओं को वितरित की साइकिलें



सद्दाम रँगरेज

कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) : शहर के स्टेशन रोड़ स्थित सूरजमल भोमराजका राजकीय माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को कक्षा 9 व 10 की छात्राओं को साइकिले वितरित की गई। इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में बोलते हुए नगरपालिका अध्यक्ष आसिफ खान कहा कि राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य में छात्रा शिक्षा को प्रोत्साहन देना है। खान ने कहा कि साइकिल कि छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने के साथ स्वास्थ्य वर्द्धक भी है। उन्होंने कहा कि समय समय पर सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं लाती है उनका उद्देश्य जनता की सेवा से जुड़ा रहता है। खान ने शिक्षा के साथ संस्कार पर भी बल दिया। समारोह में बोलते हुए पालिका उपाध्यक्ष हेमराज चावला ने भी कहा कि विद्यार्थियों का उद्देश्य नोकरी पाने तक ही सीमित नही हो। वह अपना लक्ष्य निर्धारित कर विद्यालय में ज्ञान प्राप्त कर उसे प्राप्त करे। इससे पूर्व प्रधानाध्यापक सोहनराज बुरड़क व नोडल प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए साइकिल वितरण की जानकारी दी।

इस अवसर पर मंच संचालन प्रदीप जोशी ने किया, समारोह में वरिष्ठ अध्यापक राजेन्द्र प्रसाद, भवानी सिंह, मोहम्मद अनीस, प्रभाती चौधरी, अंजू चौधरी, प्रहलाद सिंह रतनू, शिंभू दयाल जोशी, बीना वर्मा, मनोज कुमार, झुमादेवी उपस्थित थे। समारोह के समापन पर लाभान्वित छात्राओं को साइकिले प्रदान की गई। प्रधानाध्यापक सोहनराज ने बताया की कक्षा 9 की 8 व कक्षा 10 की 9 छात्राओ को साइकिले दी गई है।

# पेचवर्क के बाद एक पखवाड़े में ही उखड़ी सड़क



श्यामसुन्दर प्रजापत

मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) : कस्बे के बाईपास पर सत्य साहेब आश्रम से लक्ष्मण योगी के मकान तक व दुड़ाराम रेगर के मकान से पूजा मूर्ति आर्ट तक की सड़क का पिछले पखवाड़े पेचवर्क का कार्य किया गया। ग्रामीणो ने आरोप लगाए है कि ठेकेदार ने घटिया निर्माण साम्रगी का प्रयोग किया है, जिससे कुछ ही दिनो में सड़क जगह जगह से फिर छलनी हो गई। इससे राहगीर व वाहन चालक परेशान हो रहे है। साथ ही इसी सड़क मार्ग पर स्थित दुकानदार को भी ऊखड़ी कंक्रीट से हर समय दुर्घटना होने की आशंका सताती रहती है ।इसी तरह बोल्डी बेरा से लेकर लीचाणा तक की पांच किलोमीटर की सड़क का भी एक माह पूर्व पेचवर्क किया गया। पर इसी सड़क पर भी जगह जगह कंक्रीट ऊखड़ गयी है। जिससे वाहन चालको को फिर से परेशानियां उठानी पड़ रही है। इसलिए ग्रामीणो ने इन दोनो सड़क मार्ग को फिर से दुरुस्त करने की मांग की है।

# सस्ते के चक्कर में बाजार में धड़ल्ले से बिक रही नॉन ट्रेड सीमेंट

## नई साल पर रंगोली बना कर दिखाई प्रतिभा



शौकत खान

**डेगाना ( नागौर डेली न्यूज ) ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन अपनी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए एक से बढकर एक सुन्दर रंगोली बनाई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा पेड़ पौधों की सुरक्षा हेतू वार्ता कर पेड़ो को पानी पिलाया। प्राध्यापक सुरेश कुमार लोमरोड ने छात्राओ को बताया की पेड़ हमे प्राण वायू देते हे ओर प्राण वायू आक्सीजन हमारे लिये कितनी महत्वपूर्ण है यह बात हमने कोरोना की दूसरी लहर में जाना। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पेड़ लगाकर उनकी सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भंवर लाल लोमरोड, सुरेश कुमार लोमरोड,मूला रामसिवंर, सुरेश वर्मा, नंदा राम रामेश्वर लाल, चेनाराम बिंदा तुलसीराम खोजा आदि उपस्थित थे।

## नई साल पर रंगोली बना कर दिखाई प्रतिभा

शौकत खान

**डेगाना ( नागौर डेली न्यूज ) ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन अपनी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए एक से बढकर एक सुन्दर रंगोली बनाई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा पेड़ पौधों की सुरक्षा हेतू वार्ता कर पेड़ो को पानी पिलाया। प्राध्यापक सुरेश कुमार लोमरोड ने छात्राओ को बताया की पेड़ हमे प्राण वायू देते हे ओर प्राण वायू आक्सीजन हमारे लिये कितनी महत्वपूर्ण है यह बात हमने कोरोना की दूसरी लहर में जाना। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पेड़ लगाकर उनकी सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भंवर लाल लोमरोड, सुरेश कुमार लोमरोड,मूला रामसिवंर, सुरेश वर्मा, नंदा राम रामेश्वर लाल, चेनाराम बिंदा तुलसीराम खोजा आदि उपस्थित थे।

## गुर्जर बने प्रदेश पर्यवेक्षक

अबु बकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** श्री बापूजी कोलेज ऑफ़ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ.ओमप्रकाश गुर्जर को नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया का प्रदेश पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है राष्ट्रिय नर्सिंग संघ के राजस्थान स्टेट ब्रांच प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोतम कुम्भज ने कार्यालय आदेश जारी करते हुए लाडनूं की श्री बापूजी नर्सिंग कोलेज के प्राचार्य एंव मुख्य संचालक डॉ.ओमप्रकाश गुर्जर को स्टेट सुपरवाईजर के पद पर नियुक्ति देकर संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने व संगठन का विस्तार करने के निर्देश दिए हैं डॉ गुर्जर को नव वर्ष पर यह उपहार उनकी नर्सिंग क्षेत्र में अमूल्य सेवाओं के चलते प्रदान किया गया है जिससे लाडनूं उपखंड व सुजानगढ़,डीडवाना सहित जिलेभर के लोगों ने हर्ष जताया है

## गौशाला में गौसेवा कर किया नववर्ष 2022 का स्वागत



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी बीके युवाओं ने इस बार नववर्ष पर अलग अंदाज से मनाया। टीकम चंद सोनी, संतोष सोनी, राजु भाकर, गुंजन सोनी आदि नये साल पर पूरे परिवार के साथ गौ माता को हरा चारा, गुड खिलाकर नये वर्ष 2022 का स्वागत किया। सत गोपाल गौशाला में आकर सोनी परिवार ने गौशाला में जाकर गायों को अपने हाथों से हरा चारा खिलाकर व साथ में गायों के लिए लापसी बनाने सामग्री गुड, तेल आदि भेट कर पुन्य कमाया। इस मौके पर गौसेवक राजू भाखर ने बताया कि युवाओं को नववर्ष पर शराब और होटलों में खर्च करने की बजाय गौसेवा करना व आवरा पशुओ का सहारा बनकर आमजन को प्रेरित करें ।

## पुरानी पेंशन बहाली हेतु निकाला कैंडल मार्च



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम द्वारा चलाए गए एनपीएस के विरोध में कर्मचारियों ने शिव मंदिर तहसील चौराहे से पुराना बस स्टैंड तक सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों ने नई पेंशन के विरोध में कैंडल मार्च निकाला तथा पुरानी पेंशन की मांग करते हुए केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी 2004 के आदेश के तहत पुरानी पेंशन बंद कर कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा व परिवार के सामाजिक सुरक्षा को समाप्त कर दिया सभी कर्मचारी संगठनों ने अंशदाई पेंशन योजना को निरस्त कर पुरानी पेंशन लागू करवाने हेतु आंदोलनरत है। जिसमें कर्मचारियों के कई संगठन ने समर्थन दिया इस दौरान नेमा राम जाखड़ राजेंद्र बांगड़ा, गोरधन राम लोमरोड़, मुनीर खान देशवाली, आईदान राम बेरा, दिनेश ओझा, उमरदीन छिंपा, हुक्मीचंद कड़वासरा, मगनीराम लोमरोड, सहदेव लोमरोड़, ओमप्रकाश शर्मा ,चंद्रभान डूकिया, बृज मोहन भाटी, कैलाश खाती आदि मौजूद रहे ।

## सरकारी राजस्व को लगा रहे पलीता

अबूबकर बल्खी :

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज )** लाडनूं में सरकारी टैक्स से बचने व बड़ा मुनाफा कमाने के लिए ठेकेदारों व डीलर्स ने चोर रास्ता निकाल लिया है जिसके चलते ग्राहकों को सस्ते माल का प्रलोभन देकर उन्हें नॉन ट्रेड सीमेंट धड़ल्ले से बेची जा रही हैं जिसकी पूर्व में भी अनेकों बार राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एंव सीमेंट एजेंसी के एरिया मैनेजर को शिकायतें की गई मगर पुख्ता कार्रवाई के अभाव में ऐसे लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है लाडनूं शहर के सरकारी निर्माण कार्यों का ठेका लेने वाले व कुछ डीलर अपना टैक्स बचाने के चक्कर में ग्राहकों को सस्ते सीमेंट का प्रलोभन देकर नॉन ट्रेड सीमेंट अपने गोदाम में उतरवाने की बजाय सीधा पार्टी से संपर्क साधकर उनके निर्माण कार्य पर उतार देते हैं इस प्रकार नॉन ट्रेड सीमेंट आम जनता को सस्ते दामों का झांसा देकर रीटेल मार्केट में चोरी छिपे बिक रही हैं इससे राजस्व आय को प्रति बैग करीब 70 रूपये तक का नुकसान हो रहा है जबकि नॉन ट्रेड सीमेंट के बैग पर रेट नहीं लिखी होती और इसके बोरे का रंग भी अलग प्रकार का होता है नियमानुसार यह सीमेंट आवासीय निर्माण में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता सिर्फ सरकारी प्रोजेक्ट के तहत ही काम में ली जा सकती है





### जुर्माना वसूलने का प्रावधान

लाडनूं में अनेक स्थानों पर मिलीभगत के चलते नॉन ट्रेड सीमेंट का घरेलू निर्माण कार्यों मे इस्तेमाल किया जा रहा है यहाँ गौरव पथ स्थित शंकर कोलोनी में एक सरकारी अध्यापक के घर चल रहे आवासीय निर्माण कार्य में भी यह सीमेंट इस्तेमाल में लाई जा रही है यहाँ चोरी छिपे करीब डेढ़ सौ बैग को सस्ते दामों में खरीदकर निर्माण कार्य से कुछ दुरी पर तिरपाल से ढककर रखा हुआ है लोगों को भ्रमित करने के लिए उसके उपर ट्रेड सीमेंट के कुछ बैग भी रख दिए गये हैं इस बारे में कम्पनी के अधिकारीयों से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस प्रकार की शिकायतें पहले भी आती रही हैं जिसपर समय समय पर कार्रवाई कर दोषी पाए जाने वाले उपभोक्ता,ठेकेदार व डीलर्स से पैनल्टी अथवा नियमानुसार जुर्माना वसूल किया जाता है इस संबध में यह जानकारी जुटाई जाएगी कि घरेलू निर्माण कार्यों पर यह सीमेंट सीधे भेजने का कार्य कौन कर रहे हैं ताकि उन पर कार्रवाई अमल में लाई जा सके.

### डीलर्स तक नहीं पहुँच पाते ग्राहक

लाडनूं उपखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सीमेंट डीलरों ने बताया कि हम दिनभर दुकानों पर ग्राहकों का इंतजार करते हैं कम्पनी हमे ट्रेड का माल देती है जबकि बड़े ठेकेदारों को सरकारी विभागों से जुड़े निर्माण कार्यों पर उपयोग में लेने के लिए नॉनट्रेड का माल उपलब्ध करवाया जाता है जो उन्हें डीलर से 70 रूपये प्रति बैग के हिसाब से सस्ता मिलता है ठेकेदार सस्ते के चक्कर में कम्पनी से जरूरत से ज्यादा माल का ऑर्डर देकर मंगवा लेते हैं जो निजी पार्टी से सांठ गांठ कर उन को सीधा बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं आम उपभोक्ता नियमों की पूरी जानकारी नहीं होने व सस्ते माल के चक्कर में इनका शिकार हो जाते हैं जिससे एक तरफ सरकारी राजस्व आय का भारी नुकसान हो रहा है वंही कई डीलर भी अपना टैक्स बचाने के चक्कर में यह हथकंडा अपना रहे हैं जानकारी के अनुसार नॉन ट्रेड की सीमेंट वाले बैग पर नॉन फॉर रिटेल सेल लिखा हुआ होता है यह बैग सफ़ेद कलर का होता है जबकि ब्रांड सीमेंट के बैग पर उसका कलर व रंगीन पट्टी बनी होती है

"

**इनका कहना है:**

टीम को लाडनूं भेजकर संबंधित फर्म व उपभोक्ता की जाँच कर कम्पनी द्वारा जुर्माना लगाने एंव आयकर विभाग को सुचना देकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

**कुलदीप शर्मा**
**मैनेजर-सेल्स विभाग**
**अजमेर**

## पेंसिल स्केचिंग व हेड पेंटिंग में दिखाया कौशल

### माहेश्वरी नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं का रविवार को होगा समापन

शौकत खान





**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** माहेश्वरी नवयुवक मंडल व महिला मंडल की ओर से नव वर्ष के आगाज पर सियाले की धूम के तर्ज पर शनिवार को विभिन तरह की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। माहेश्वरी समाज के राकेश करवा ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम तक नवयुवक मंडल की ओर से विभिन प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है।स्टिल लाइफ पेंसिल स्केचिंग प्रतियोगिता के सयोंजक स्वेता जाजू व पवन खटोड़ ने बताया कि सुबह से ही छोटे बचो व बालिकाओं ने उत्साह से भाग लिया।उन्होंने अपने हाथों से पेंसिल के द्वारा चित्रकारिता उखेरी गयी।हेड पेंटिंग के सयोंजक भावना व विपिन तोषनीवाल ने बताया कि दोपहर 11 बजे से बालिकाओ व बालको ने कलर के माध्यम से अपनी उंगलियों से पेंटिंग कर एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाई।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सयोंजक पंकज गिलड़ा व विपिन तोषनीवाल ने बताया कि दोपहर 2 बजे से 5 वर्ष से 15 वर्ष व 15 वर्ष से 30 वर्ष तक बालक व बालिकाओ के लिए प्रतियोगिता आयोजित हुई।जिसमें विभिन तरह जनरल नॉलेज के आधार पर प्रश्नोत्तरी हुई।जिसमें बालक बालिकाओ ने भाग लिया।नवयुवक मंडल अध्यक्ष राकेश खटोड़ ने बताया कि इसी के तहत आज विचित्र वेषभूषा, अंताक्षरी,माहेश्वरी राइजिंग स्टार प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि 2 साल से कोरोना वायरस की वजह से किसी भी तरह का आयोजन नही होने के कारण बालक, बालिकाएं, महिलाओ में प्रतियोगिता के प्रति खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।बालिकाओ ने अपने हाथों की उंगलियों की सहायता से तन्वी खटोड़,मोनिका खटोड़,विनीता सोनी, स्वेता जाजू, खुशी तोषनीवाल,आयुष जाजू ने कागज पर हेड पेंटिंग की। इस अवसर पर नवयुवक मंडल अध्यक्ष राकेश खटोड़, विष्णु भूतड़ा, अनुराग करवा, आकाश करवा, मधुर गिलड़ा, मुरली भूतड़ा, लक्ष्मीकांत करवा, ऋषभ हेड़ा, पवन खटोड़,विपिन तोषनीवाल,पंकज गिलड़ा,कीर्ति बजाज, कोमल भूतड़ा सहित समाज की महिलायें, बालिकाएं व युवा संगठन के सदस्य मौजूद थे।

## रचनात्मक कार्य ही आविष्कार के स्रोत हैं : कुलदीप भाटी



अबु बकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** टैगोर पब्लिक स्कूल निंबी जोधा में नव वर्ष के प्रथम दिवस को स्वागत- संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम में सलाद प्रदर्शनी , रंगोली, नव वर्ष के संकल्प कार्ड ,पोस्टर व ग्रीटिंग कार्ड तथा वेस्ट से बेस्ट प्रोडक्ट निर्माण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में विशेष अतिथि लाडनूं तहसीलदार कुलदीप भाटी व जिला परिषद सदस्य जयराम बुरड़क उपस्थित रहे अपने उद्बोधन में तहसीलदार कुलदीप भाटी ने विद्यार्थियों को बताया कि इन छोटे-छोटे रचनात्मक कार्यों के द्वारा ही बड़े आविष्कार संभव है सभी विद्यार्थियों को बड़ी सोच और बड़े उद्देश्य से मेहनत करनी चाहिए जिससे कि वे आने वाले समय में आरएएस और आईएएस बनकर अपने समाज का और अधिक विकास कर सकें उन्होंने बच्चों को साइबर क्राइम से दूर रहने और मोबाइल के सदुपयोग की सलाह दी कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला परिषद सदस्य जयराम बुरड़क ने विद्यार्थियों को बताया कि पुराने समय में शिक्षा के इतने संसाधन नहीं थे, वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र में भी उच्च शिक्षण संस्थाएं स्थापित हो गई है, इसलिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी चाहिए तथा शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेते रहना चाहिए जिससे कि सर्वांगीण विकास हो सके,निदेशक गुलाबसिंह शेखावत व प्रिंसिपल नीतू शर्मा ने प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया व परिंदों के लिए परिंडे बांधे गए और वृक्षारोपण कर नव वर्ष का स्वागत किया गया कार्यक्रम का संचालन हिमानी जोधा के द्वारा किया गया।

## नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा का फायदा लें महिलाएं व छात्राएं : कुमावत



शौकत खान


**डेगाना ( नागौर डेली न्यूज )।** एसएलवी जिला कोऑर्डिनेटर नेमाराम कुमावत ने जय श्री कॉलेज में आज शनिवार को आरएससीआईटी कक्षाओं का निरीक्षण किया। नेमाराम कुमावत ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा का ज्यादा से ज्यादा महिलाएं व छात्राएं फायदा ले। कॉलेज निर्देशक शौकत खान ने बताया की जय श्री कॉलेज मे चल रही राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त कंप्यूटर कक्षाओ का निरिक्षण कर निशुल्क महिला आरएससीआईटी ओर टेली के कोर्स के बारे में जानकारी दी। डेगाना तहसील में राजस्थान नोलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा टेली का तहसील स्तर पर एकमात्र सेंटर ही जो इस कोर्स के लिये मान्यता प्राप्त है।

## खीवंसर में भाजपा की बैठक आज

हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर उपखंड मुख्यालय पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित होगी। मंडल के अध्यक्ष अनोपाराम डूडी ने बताया कि रविवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार खींवसर मण्डल कार्यसमिति की बैठक एवं नव गठित पांचला मण्डल की संयुक्त बैंठक भाजपा कार्यालय तहसील खींवसर के सामने सुबह 11 बजे रखी गई है। जिसमे जिला पदाधिकारी,मण्डल कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी,युवा मोर्चा,ओबीसी मोर्चा, एस सी मोर्चा,महिला मोर्चा, किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारी,बूथ अध्यक्ष,शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी पार्टी के वरिष्ठतम कार्यकर्ताओ की उपस्थिति अति आवश्यक होगी। यह पार्टी की विशेष बैठक है।

## संतो और भामाशाहो की नगरी है नोखा चांदावता- संत पांचाराम महाराज








मूंडवा(नागौर डेली न्यूज)

नोखा चांदावता गांव संतो और भामाशाह की नगरी हैं। यहां पर महान संत दाता गुलाबदास महाराज का जन्म हुआ, इसी प्रकार यहां के भामाशाह देश भर में प्रसिद्ध है, इसीलिए हमें ऐसे संतों के बताए हुए पुण्य के मार्ग पर चलना चाहिए, यह विचार खेजड़ा धाम के संत पांचाराम महाराज ने नोखा चांदावता की ग्वालों की ढाणी में एक समारोह में कहे। इसी प्रकार इन्होंने कहा कि खेती में से पैदा होने वाले अनाज का 10 प्रतिशत हिस्सा धार्मिक कार्यों में देने से आपका धन पवित्र हो जाता है, इसी प्रकार हमें समय निकालकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए ,इस मौके पर संत राम वल्लभ महाराज ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल ने भी नोखा चांदावता संत गुलाबदास महाराज रामद्वारे में दर्शन किए और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, इन्होंने नोखा चांदावता से रुण और नोखा चांदावता से धवा सड़क को डामरीकरण करने की घोषणा की। इस मौके पर संत रामप्रकाश महाराज ,मेड़ता प्रधान संदीप चौधरी, मनीराम ग्वाला ,रामेश्वर ग्वाला ,भोपालगढ़ थाना अधिकारी सरोज चौधरी ,रेवतराम डांगा सहित कई गणमान्य नागरिकों का स्वागत सत्कार माला और साफा से किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com